कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

प्रेस कॉन्फ्रेंस दिनांक 03.04.2024

1. लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण हेतु तीन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों 6–राजनांदगांव, 9–महासमुंद एवं 11–कांकेर में नाम निर्देशन दाखिल करने की तिथि 28 मार्च 2024 से प्रारंभ हो चुकी है। द्वितीय चरण हेतु आज नामांकन का चौथा दिन है। अब तक द्वितीय चरण हेतु 35 अभ्यर्थियों के कुल 63 नामांकन प्राप्त हुये हैं, लोकसभा क्षेत्रवार विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	लोकसभा क्षेत्र का क्रमांक व नाम	प्राप्त नामांकन	अभ्यर्थी की संख्या
1	6 राजनांदगांव	19	13
2	9 महासमुंद	26	13
3	11 कांकेर	18	09

द्वितीय चरण के नामाकंन भरने की अंतिम तिथि 04 अप्रेल 24 अपरान्ह 3.00 बजे तक है।

2. द्वितीय चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित निर्वाचक नामावली नामांकन की अंतिम तिथि 04 अप्रैल 2024 को फ्रीज की जावेगी।
3. द्वितीय चरण हेतु मतदान केन्द्रो की कुल संख्या 6567 है, जिसमें 02 सहायक मतदान केन्द्र सम्मिलित है।
4. प्रथम एवं द्वितीय चरण हेतु ईवीएम मशीनों का जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर प्रथम रेण्डमाईजेशन पूर्ण किया जा चुका है, जिसमें विधानसभावार न्यूनतम 120 प्रतिशत बीयू एवं सीयू तथा 130 प्रतिशत वीवीपैट की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।
5. द्वितीय चरण हेतु कुल 848 वृद्धजनों (85+ आयुवर्ग), 494 दिव्यांगजनों एवं अनिवार्य सेवा के 153 मतदाताओं से प्रारूप 12घ डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए है।
6. सीविजिल में आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुल 249 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 173 पर कार्यवाही की गई है तथा 74 शिकायतें ड्रॉप की गई है।
7. आचार संहिता प्रभावशील होने के उपरांत राज्य में अब–तक प्रचार प्रसार संबंधी विभिन्न अनुमतियों से संबंधित कुल 335 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 281 स्वीकृत एवं 27 निरस्त किये गये है। शेष 01 आवेदन प्रक्रियाधीन है।

8. निर्वाचन संबंधी प्राप्त कुल शिकायतें 368 है, जिनमें से 127 शिकायतों को कार्यवाही पश्चात् नस्तीबद्ध किया जा चुका है शेष सभी शिकायतें सबंधितों को कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा चुकी है ।

9. आचार संहिता के दौरान बैनर, पोस्टर निकालने की कार्यवाही की जानकारी निम्नानुसार है :–

बैनर	–	68,923
पोस्टर्स	–	1,10,907
वॉल राइटिंग	–	1,35,469
अन्य	–	87,585
कुल	–	4,02,884

10. राज्य में आचार संहिता के दौरान दिनांक 02.04.2024 की स्थिति में जप्ती रिपोर्ट निम्नानुसार है :–

Cohort	Quantity	Value
Cash		9.25 Cr.
Liquor	25774.09(Ltr.)	0.61 Cr.
Drugs/Narcotics	973.74(kg)	1.69 Cr
Precious Metal	24.16 (kg)	1.64 Cr
Other Seizure/Freebies		17.83 Cr
Total Seizure Value		**31.01 Cr**

————00————